मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-122
11/03/2021

मुख्यमंत्री ने किसानों के प्रणेता स्वामी सहजानंद सरस्वती जी की जयंती के अवसर पर नमन कर अपनी श्रद्धांजलि दी

पटना, 11 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने किसानों के प्रणेता स्वामी सहजानंद सरस्वती जी की जयंती के अवसर पर 01 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में स्व0 स्वामी सहजानंद सरस्वती जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार उपस्थित थे।

******